ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 06.07.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर क्षेत्र के मो0 जलालनगर, निसरजई, दिलाजाक, हाथीथान, गदियाना आदि के निवासीगणों द्वारा पानी की समस्या को लेकर दिये गये ज्ञापन के सम्बन्ध में आज दिनांक 06.07.2021 को किया गया स्थलीय निरीक्षण।

- शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत दिनांक आज दिनांक 06.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया विशेष सफाई अभियान।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 06.07.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर क्षेत्र के मो0 एमनजई जलालनगर, जलालनगर, निसरजई, दिलाजाक, हाथीथान, गदियाना आदि के निवासीगणों द्वारा पानी की समस्या को लेकर दिये गये ज्ञापन के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या के सम्बन्ध में जलापूर्ति हेतु बने पम्पों को देखा गया। पम्पों को देखने पर पाया गया कि एक पम्प रिबोर होना है तथा दूसरा पम्प रिबोर हो रहा है, रिबारे हो रहें पम्प के सम्बन्ध में नगर आयुक्त महोदय द्वारा सहायक अभियंता जल को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक स्थिति में 24 घन्टे के अन्दर पम्प रिबोर कराकर मोहल्लेवासियों को यथोचित मात्रा में पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता अक्षम्य होगी। इसके साथ ही रिबोर होने योग्य पम्प को यथाशीघ्र रिबोर कराने के निर्देश सहायक अभियंता जल को दिये गये। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा मो0 एमनजई जलालनगर में पानी निकासी की समस्या को लेकर किये गये निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया कि नाली की चौड़ाई को बढ़ाकर पानी निकासी की समस्या का समाधान कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा टाउनहाल ओवर ब्रिज पर बने सेल्फी प्वांइट पर लोहे की रॉट लगाकर जंजीरों से उसको कवर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे सेल्फी प्वांइट स्थल पर जन–सामान्य द्वारा गाड़ियॉ न खड़ी की जा सकें। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के साथ अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान, सहायक अभियंता जल उमेश कुमार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

2. शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 06.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर नगर में आमजन को विभिन्न प्रकर की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से नगर निगम, शाहजहॉपुर द्वारा नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियत्रंण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर व नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सकें। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु एवं नगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किये जाने हेतु नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त एवं अवर अभियंताओ व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/सहायक नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने, सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि इस अभियान के अन्तर्गत होने वाले किसी भी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जायें।

दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विशेष सफाई अभियान, सेनेटाइजेशन का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया गया। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत आज दिनांक 06.07.2021 को नगर क्षेत्र के सफाई जोन–01 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में सुभाषनगर, सफाई जोन–02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में तारीन टिकली, सफाई जोन–03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में हयातपुरा, सफाई जोन–04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में महमानशाह एवं सफाई जोन–05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में रोजा नोटिफाईड एरिया में विशेष सफाई अभियान के साथ–साथ सेनेटाइजेशन व एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु सहायक अभियंता (जल) को निर्देश दिये गये है। साथ ही सामुदायिक शौचालय, पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई व्यवस्था एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु, खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत रोस्टर के अनुसार कल दिनांक 07.07.2021 को दिलाजाक, बहादुरपुरा में सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य कराया जायेगा।

3. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके अन्तर्गत दिनांक आज 06.07.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, आफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, सुभाषनगर कॉलोनी, खिरनीबाग, महमंद जलालनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा रंगीन चौपाल, तारीन टिकली व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्र्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा खलीलशर्की, चौभुर्जी, कच्चा कटरा, खलीलगर्वी, बड़ी मस्जिद, तिलहरजई एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, मेहमान शाह, अजीजगंज एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा आदर्शनगर कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, फत्तेपुर रेती, अहमदपुर रेती में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 06.07.2021 को लगभग 4576 स्थलों तथा 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त<br>
नगर निगम, शाहजहॉपुर।